तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 6 अक्टूबर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 लगातार बारिश से धान की फसल पर गहराया संकट, किसान परेशान



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मो. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## नाव में सवार थे ग्राम सोहार के 7 ग्रामीण

# महान नदी पार करने के दौरान डूबी डोंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विकासखंड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ लांजित में महान नदी पार करने के दौरान ग्रामीणों से भरी नाव पलट गई। इस दौरान नदी किनारे उपस्थित ग्रामीणों ने महान नदी में डूब रहे ग्रामीणों की जान बचाई। ग्रामीणों की सतर्कता से सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना शनिवार की है जिसका वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**खास बातें**
- नदी किनारे उपस्थित ग्रामीणों ने छलांग लगाकर बचाई डूब रहे लोगों की जान
- सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो



नाव में सवार लोग।



बीच नदी में डूबती नाव।

सूरजपुर जिलान्तर्गत ओड़गी ब्लॉक की दूरस्थ ग्राम पंचायत मयूरधक्की का आश्रित ग्राम है सौहार। ग्राम सौहार में पण्डो जनजाति के लगभग 500 ग्रामीण निवासरत है। ग्राम पंचायत लांजित मयूरधक्की एवं सौहार के बीच महान नदी बहती है। आवागमन का कोई अन्य साधन नहीं होने के कारण ग्रामीणों ने मोटे पेड़ की तना से पतली नाव बनाई है जिसे ग्रामीण डोंगी कहते हैं। इसी डोंगी के सहारे ग्रामीण नदी को पार करते हैं स्कूल जाना हो या अस्पताल या फिर साप्ताहिक बाजार और राशन दुकान ग्रामीणों के लिए यही छोटी सी डोंगी ही सहारा है। डोंगी की क्षमता भी अधिकतम पांच-छः ग्रामीणों का भार उठाने की है। शनिवार को ग्राम लांजित के साप्ताहिक बाजार में बड़ी संख्या में ग्रामीण जरूरी सामान खरीदने पहुंचे थे जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। महिलाओं के साथ छोटे बच्चे भी थे। नदी किनारे साप्ताहिक बाजार से पहुंचे बड़ी संख्या में ग्रामीण घर लौटने के लिए नाव का इंतजार कर रहे थे। नाविक बारी-बारी से महिलाओं व ग्रामीणों को नाव से महान नदी पार करा रहे थे। इधर लगातार हो रही बारिश से महान नदी उफान पर थी तथा नदी की तेज धार नाव के सफर में बाधा बन रही थी। नाविक नदी के किनारे-किनारे धारा के विपरीत लंबी दूरी तय करने के बाद डोंगी को दूसरी ओर मोड़ देता तथा तेज बहाव में डोंगी बहते हुए कड़ी मशक्कत के बाद दूसरे किनारे पहुंचती। शाम में नाविक दो डोंगियों में ग्रामीणों को बैठाकर ग्राम सौहार की ओर आ रहे थे। इस दौरान दोनों डोंगियां आगे-पीछे चल रही थीं तथा अचानक नदी के तेज बहाव में फंस गई। इस दौरान आगे चल रही डोंगी अचानक तेज धार में डूबने लगी। पीछे चल रही डोंगी में सवार लोगों ने आगे की डोंगी को पकड़ रखा था लेकिन डोंगी देखते ही देखते डूब गई। खतरा देख पीछे के नाव में सवार लोग नदी में छलांग लगाने लगे। इस दौरान नदी किनारे उपस्थित लोगों ने तत्काल नदी में छलांग लगाकर डूब रहे ग्रामीणों की जान बचाई। ग्रामीणों की सूझबूझ से सभी सवारों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

### खतरे का सफर

ग्राम सोहार के ग्रामीण महान नदी पार करने के लिए हर दिन भारी खतरे के बीच डोंगी का सफर करते है। नाविकों द्वारा निर्मित नाव भी ऐसी जिसका निचला हिस्सा पूरी गोल है। एक तरफ थोड़ा सा वजन बढ़ते ही कभी भी असंतुलित होकर पलट जाए। कोई दूसरा उपाय नहीं होने के कारण बच्चे हो या बूढ़े या फिर महिलाएं अपने जान को जोखिम में डालकर हर दिन डोंगी का खतरनाक सफर करते है। तकनीकी रूप से परिष्कृत नाव उपलब्ध करा इस खतरे को कम किया जा सकता है लेकिन इस ओर कभी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने ध्यान नही दिया। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल से एक महीने पूर्व ही महान नदी पर पुल बनाने की स्वीकृति मिली है। पुल बनने के बाद ग्रामीणों को इस खतरनाक सफर से मुक्ति मिल जाएगी।

### मिली है पुल की स्वीकृति

कैबिनेट मंत्री श्रीमती राजवाड़े की पहल पर महान नदी पर पुल निर्माण के लिए 7.25 करोड़ की स्वीकृति मिली है। जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर पुल निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

-बाबूलाल सिंह मरातो
सदस्य, जिला पंचायत

## खबर संक्षेप

### संघ शताब्दी पर पथ संचलन आज

**बलरामपुर।** संघ शताब्दी के अवसर पर बलरामपुर नगर में पथ संचलन का आयोजन 6 अक्टूबर को किया गया है। सोमवार दोपहर 2 बजे पथ संचलन की शुरुआत होगी। इस दौरान पथ संचलन में विद्या भारती छग के प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ.देवनारायण साहू शामिल होंगे। पथ संचलन को लेकर स्वयं सेवकों द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। नगर कार्यवाहक विनय कुमार पाठक ने अधिक से अधिक लोगों के पथ संचलन में शामिल होने का आह्वान किया है।

### बीनू माकड ट्रॉफी के लिए छग वन डे टीम में रोहित यादव का चयन

**बिश्रामपुर।** टैलेंट हंट क्रिकेट एकेडमी के होनहार खिलाड़ी रोहित यादव 9 अक्टूबर से देहरादून में



छत्तीसगढ़ के लिए वनडे मैच खेलेंगे, एकेडमी प्रबंधन ने बताया कि रोहित बचपन से ही एक होनहार खिलाड़ी के रूप में अपनी छाप रखी है, साथ ही अपने प्रदर्शन से अपने एकेडमी के साथ-साथ नगर का नाम भी रोशन किया है, रोहित माइनर्स कॉलोनी निवासी जयप्रकाश यादव व अनीता देवी के पुत्र हैं। अपने क्रिकेट कोच यूपी केसरी के मार्गदर्शन में स्कूल गेम्स ऑफ़ फेडरेशन खेलने के लिए हाई स्कूल के अध्ययन हेतु शासकीय उमावि केतका में प्रवेश लिया। एक वर्ष बाद आगे की पढ़ाई के लिए सेजेस बिश्रामपुर में प्रवेश लिया और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। यहाँ पर अमित मित्तल और युपी केसरी के मार्गदर्शन में 8 वर्षों से नियमित प्रयास करते रहे। रोहित यादव के चयन पर जिला सूरजपुर डयूज़ बाल क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी तथा टैलेंट एंड क्रिकेट अकादमी के संस्थापक एवं फाउंडर मेंबर राजेश जैन,यूपी केसरी, अमित मित्तल, वरुण राज, आदित्य विश्वास ने शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

### आर्यन का चयन राज्य स्तरीय क्रिकेट टीम में

अम्बिकापुर। विकासखण्ड बतौली अंतर्गत ग्राम बिलासपुर निवासी आर्यन गुप्ता आ.बजरंग गुप्ता का



चयन अण्डर-17 की प्रदेश स्तरीय टीम में ऑलराउण्डर के रूप में किया गया है। आर्यन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ विद्यालय शांतिपारा में अध्ययनरत है। आर्यन का चयन राज्य स्तरीय टीम में होने पर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी है।



# पहाड़ी कोरवा परिवारों के बीच ग्राम घटगांव पहुंचे राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

रविवार को प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका पहाड़ी कोरवा ग्राम घटगांव पहुंचे। पहली बार क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे राज्यपाल का पहाड़ी कोरवा ग्रामीणों ने पारम्परिक परिधान में कर्मा नृत्य कर स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए और हितग्राहियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन पीएम जनमन योजना अंतर्गत पहाड़ी कोरवा परिवारों को लाभान्वित कर रहा है। छत्तीसगढ़ 25 वर्षों की विकास यात्रा में एक उभरते हुए राज्य के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

- कहा-केंद्र और राज्य शासन पीएम जनमान योजना के तहत परिवारों को कर रहा लाभान्वित

राज्य खनिज संपदा से समृद्ध है और यहाँ के लोग मेहनती, सेवा-भावी हैं। पहाड़ी कोरवा परिवारों की मेहनत और सादगी प्रदेश की पहचान है। उन्होंने बांस उत्पादन और उसके वैल्यू एडिशन को आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बताया तथा पहाड़ी कोरवाओं को बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ाव बनाए रखने की बात भी कही। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से सड़क, आधार कार्ड, बैंक खाता, जाति प्रमाणपत्र जैसी मूलभूत सुविधाएं अब पहाड़ी कोरवा परिवारों तक पहुंच रही है। अब ये परिवार मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं और शिक्षा, आजीविका तथा नेतृत्व में नई भूमिका निभा रहे हैं। ग्राम घटगांव के सरपंच बहाल राम स्वयं पहाड़ी कोरवा समाज से हैं और जनप्रतिनिधित्व का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। सांसद ने बताया कि जिले की 150 पहाड़ी कोरवा दीदीयां लखपति दीदी बन चुकी हैं, जो स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रही हैं। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने बताया कि विकासखंड राजपुर का घटगांव ग्राम एक पहाड़ी कोरवा बाहुल्य ग्राम है जहां कुल जनसंख्या 1,998 है, जिनमें से 300 पहाड़ी कोरवा परिवार निवासरत हैं। पूरे जिले में 5,070 पहाड़ी कोरवा परिवार निवासरत हैं, जिनकी कुल जनसंख्या 19,744 है। विशेष पिछड़ी जनजाति (पीवीटीजी) के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु शासन की मंशानुरूप तीव्र गति से विकास कार्य किया जा रहा है। राज्यपाल कार्यक्रम के अंत में पहाड़ी कोरवा परिवारों को विभागीय योजना अंतर्गत सामग्री का वितरण किया। इस दौरान सामरी विधायक श्रीमती उधेश्वरी पैकरा, आईजी सरगुजा दीपक झा, एसपी वैभव बैंकर, डीएफओ आलोक कुमार वाजपेयी, जिपं सीईओ नयनतारा सिंह तोमर, राजपुर सीईओ संजय दुबे, उपवन मंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव, रेंजर महाजन लाल साहू, बीईओ अरविन्द गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### पहाड़ी कोरवा रामकुमार को सौंपी चाबी

राज्यपाल रमेन डेका ने ग्राम घटगांव में पीएम जनमन आवास योजना के हितग्राही रामकुमार के घर पहुंचकर उन्हें उनके नए आवास की चाबी सौंपी। इसके साथ ही उन्होंने फीता काटकर नवनिर्मित आवास में गृह प्रवेश कराया और उन्होंने परिवार के सदस्यों को उनके नए आवास एवं उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल श्री डेका ने हितग्राही रामकुमार और उनके परिवार से बातचीत की और परिवार की आजीविका, बच्चों की पढ़ाई और योजना से हुए बदलावों के बारे में जानकारी ली।

# महिला की डंडे से गला दबाकर हत्या, संदेही हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर से लगे ग्राम डिगमा में युवक ने महिला की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद दिनभर महिला की लाश घर में पड़ी रही। देर रात इस घटना की सूचना पुलिस को मिली जिसके बाद रविवार को पुलिस घटनास्थल पहुंची और लाश को पीएम के लिए भेजा। इसके साथ ही पुलिस मामले में संदेही पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

- डिगमा क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के ग्राम चलगली निवासी 30 वर्षीया शीला सोनहा का विवाह वर्ष 2015 में गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम डिगमा निवासी उमाशंकर सोनहा से हुआ था। शीला और उमाशंकर के दो बच्चे है। दम्पति लम्बे समय से अपने परिवार से अलग रहते थे और अक्सर शराब के नशे में धुत रहते थे। महिला के दोनों बच्चों का लालन पालन उसकी दादी करती है।



मृतिका।

शराब के नशे में दोनों के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। संभावना जताई जा रही है कि 4 अक्टूबर को भी दोनों के बीच शराब के नशे में विवाद हुआ। इस दौरान आक्रोशित पति ने डंडे से पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। यह घटना दोपहर 3-4 बजे के बीच की बताई जा रही है लेकिन पुलिस को घटना की सूचना देर रात 8 बजे मिली जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी लेकिन रात होने के कारण कार्रवाई नहीं हो पाई। रविवार को पुलिस ने लाश को पीएम के लिए भेजा और पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने बताया कि घटना की जांच चल रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** जशपुर क्षेत्र के कुमला थाना अंतर्गत ग्राम माटी पहाड़ निवासी विनीत पन्ना आ. अंजलुश पन्ना (34 वर्ष) शराब पीने का आदि था। पिछले सोमवार को शराब के नशे में अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। परिजन उसे कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में कई दिन चले उपचार के बाद ग्रामीण के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर गत दिन चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। परिजन विनीत को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# भाई की हत्या करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, गया जेल

**सीतापुर।** डंडे से भाई पर प्राणघात हमला करने तथा घायल की मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी छोटे भाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम बटईकेला निवासी ओम प्रकाश मरावी 3 अक्टूबर को थाना सीतापुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मुन्ना मरावी के घर एक दिन पूर्व नवाखानी का त्यौहार मना रहे थे एवं मुन्ना मरावी के घर गया था। शाम करीब 7 बजे छोटा भाई ठाकुर राम आ. खीरू राम (48 वर्ष) मुन्ना मरावी को गंदी गंदी गाली देते जान से मारने की धमकी देते हुए लकडी के डंडा सिर में वार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 351(3), 115(2), 109(1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले के आरोपी ठाकुर राम आ. खिरू राम मरावी (48 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मुन्ना मरावी, शराब पीने के लिए मांग रहा था और जब नहीं दिया तो गाली गलौज करने लगा जिससे आवेश मे आकर मुन्ना राम को लकड़ी के डंडे से सिर पर वार कर दिया जिससे इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडे सहित अन्य सामान जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव पाण्डेय, उप निरीक्षक रघुनाथ राम भगत, आरक्षक धन्यकेश्वर यादव, राकेश यादव, कृष्णा खेस सक्रिय रहे।



कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स
NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549

एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (NURSING SUPERVISOR) डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं,12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। (4) विद्याकौशल के माध्यम से शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि - 30.10.2025**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 10.11.2025**

प्रति,
कार्यसंचालक (NSDC)
मॉडर्न नालेज एजुकेशन
शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,
भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013

प्रति,
कार्य संचालक पैरामेडिकलकोर्स

महोदय,
......................................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..........................
2. पिता/पति का नाम ..........................
3. जन्मतिथि अंकों में ..........................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..........................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..........................
मोबाइल नंबर ..........................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..........................
7. शैक्षणिक योग्यता ..........................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।



### लगातार हो रही घटनाओं के विरोध में दिया धरना

**अंबिकापुर।** दशहरे के दिन हुई हत्या, चाकूबाजी के बाद दुर्गा विसर्जन के समय हुई मारपीट की घटनाओं को लेकर समाज सेवी संगठन द्वारा रविवार को घड़ी चौक पर धरना प्रदर्शन किया गया। नंगे पांव राजेश सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में मृतक के परिजन के साथ ही अन्य पीड़ितों के परिजन व लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरना दिया। इस धरना प्रदर्शन को प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने भी समर्थन दिया और धरना में शामिल हुए। बता दें कि दशहरे के दिन पेट्रोल पंप में काम करने वाली युवती विद्यावती उर्फ भारती टोप्पो कि चाकू से गोदकर हत्या कर दी है जबकि शाम को महामाया मंदिर परिसर के समीप युवक पर चाकू से हमला हुआ। इसके साथ ही दुर्गा विसर्जन के दौरान कांग्रेस नेता दिलीप धर और उनके पुत्र व भाई के ऊपर भी जानलेवा हमला किया गया। इन घटनाओं को लेकर राजेश सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में घडी चौक पर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद है। पुलिस ने घटना के आधे घंटे के अंदर किस आधार पर तय कर दिया कि आदिवासी युवती की हत्या प्रेम प्रसंग में की गई। इस धरना प्रदर्शन को पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव व कांग्रेस का समर्थन मिला।

AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg

B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316

सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर

द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113



## खबर संक्षेप



### क्विज में कम्प्यूटर और कला की टीम विजेता

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ एक्टिविटी क्लब के तत्वाधान में अंतरविभागीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विभागों की टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विजेता कम्प्यूटर एंड आईटी विभाग और कला और समाज विज्ञान विभाग रहा। दूसरे स्थान पर लाइफ साईंस विभाग तथा तीसरे स्थान पर वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग रहा। क्लब प्रभारी सहायक प्राध्यापक नीतू सिंह ने बताया कि प्रत्येक विभाग के प्रतियोगियों की टीम में 10-10 प्रतियोगी शामिल थे। पांच चरण की प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान, सम सामयिक, बहुविकल्पीय, ब्रेन टीजर, इमेज, वीडियो से संबंधित प्रश्न किये गये। रैपिड फायर चक्र में प्रतियोगियों ने शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान सहायक प्राध्यापक तुलिका सिन्हा, सगुफ्ता नाज, सुमन मिंज, स्वाति शर्मा उपस्थित थीं।

### उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया किसान के प्रक्षेत्र भ्रमण



**अम्बिकापुर।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिलफिली में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने अधिष्ठाता डॉ.रविंद्र तिग्गा के नेतृत्व में उन्नत कृषक राजेंद्र प्रसाद गुप्ता के क्षेत्र का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान कृषक राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को अपने प्रक्षेत्र में लगाए उद्यानिकी फल पौधों के बारे में तर्क पूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने वीएनआर अमरूद, ड्रैगन फ्रूट, आम, नारियल एवं नींबू वर्गीय फलदार पौधों की लाभकारी खेती में आने वाले समस्याओं एवं उनके निराकरण की तकनीकी जानकारी दी ताकि इन फलदार पौधों से अधिक आमदनी प्राप्त कर इसे रोजगार से जोड़ा जा सके। महाविद्यालय के अधिष्ठाता श्री तिग्गा ने कृषक एवं छात्र-छात्राओं को विभिन्न फल वर्गीय पौधों के बारे में अवगत कराया तथा उद्यानिकी फसलों को लेकर उच्च गुणवत्तापूर्ण प्रायोगिक कार्य के साथ शिक्षण पर जोर दिया। भ्रमण के दौरान अतिथि शिक्षक डॉ.रोमिला खेस, डॉ.राहुल कुमार गुप्ता, डॉ.सुभी सिंह, डॉ.ममता पैकरा, डॉ.विवेक कुमार शांडिल्य उपस्थित थे।

### तेज रफ्तार कार का कहर, चार बाइक को उड़ाती दुकान में घुसी

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 3 स्थित विवेकानंद कॉलोनी मुख्य मार्ग पर रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने कहर बरपाया। अनियंत्रित हुई टाटा अल्ट्रोज सीजी 16 सीआर 5247 पांच बाइकों को टक्कर मारते हुए सीधे एक दुकान के शटर में घुस गई। गनीमत रही कि हादसे के समय सड़क पर भीड़ नहीं थी, वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी। जानकारी के अनुसार सुभाष चौक की ओर से तेज रफ्तार में आ रही कार अचानक नियंत्रण खो बैठी। कार पहले डस्टबिन और खंभे से टकराई, फिर विक्रांत सिंह की बाइक को जोरदार टक्कर मारते हुए आगे बढ़ी। रास्ते में बोर्ड तोड़ते हुए संजू सरदार, प्रमोद जयसवाल, काशीनाथ व एक अन्य व्यक्ति की बाइकों को भी नुकसान पहुंचाया। अंततः कार आशुतोष सिंह की दुकान के शटर में घुसकर रूक गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार में तीन युवक सवार थे, जो नशे की हालत में और नाबालिग बताए जा रहे हैं। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि मौके पर भगदड़ मच गई।

## तैयार फसल खेतों में बिछी, फसल पर पड़ रहा विपरीत असर

# लगातार बारिश से धान की फसल पर गहराया संकट, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

सरगुजा संभाग में बीते चार दिनों से लगातार हो रही बारिश ने किसानों की नींद उड़ा दी है।

**खास बात**

- उड़द फसल खराब होने के कगार पर

मानसून सत्र के आखिरी चरण में चक्रवातीय दबाव के असर से पूरे संभाग में लगातार वर्षा जारी है। ऐसे में लखनपुर, उदयपुर व दरिमा क्षेत्र में खेतों में पानी भर जाने से पकने की अवस्था में पहुंच चुकी धान की फसल पर भारी असर पड़ रहा है।

लखनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत पुहपुटरा, रजपुरी कला, सिरकोतंगा, केनापारा, बिनकरा, लहपटरा, के अलावा उदयपुर क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में पिछले चार दिनों से लगातार हुई बारिश से धान की फसल को काफी नुकसान हुआ है। इन क्षेत्रों के किसानों का कहना है कि इस समय खेतों में अधिकांश धान की फसल या तो पक चुकी है या पकने की स्थिति में है। किसान फसल की कटाई की तैयारी में जुटे थे, लेकिन लगातार वर्षा ने खेतों को दलदली बना दिया है। कई जगहों पर धान की बालियां पानी में डूब गए हैं और पानी में डूबने से सड़ने लगे हैं। खेत में जमा पानी के कारण कटाई नहीं हुई तो धान अंकुरित हो सकती है। ऐसे में फसल के खराब हो जाने से आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड सकता है। लखनपुर के किसान श्यामलाल सिंह ने बताया कि धान के पौधे झुकने लगे हैं, खेतों में पानी भरा है। अब अगर दो दिन और बारिश जारी रही, तो आधी फसल खेत में ही खराब हो जाएगी। इसी प्रकार उदयपुर क्षेत्र के किसानों का कहना है कि हम लोग कटाई की तैयारी में थे। अब खेतों में मशीन नहीं जा पा रही और न ही मजदूर खेत में पा रहे। इस प्रकार की स्थिति लखनपुर, उदयपुर, दरिया क्षेत्र के गांव की है जहां किसान के खेतों में तैयार फसल बारिश से खेत में बिछ गई है।



खेत में बिछे धान की फसल।

### उड़द फसल पर भी पड़ा असर

क्षेत्र के कई किसान नदी किनारे सहित बाड़ी में उड़द की फसल लगाए है। उड़द की फसल जो पूरी तरह पक चुकी है लेकिन लगातार बारिश के कारण खराब हो रही है। फलियां सड़ने लगे हैं और उत्पादन पर गहरा असर पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि पहले बीज के अभाव में मुश्किल आई, अब जब फसल तैयार हुई तो बारिश ने सारा मेहनत मिट्टी में मिला दिया।

### किसानों ने की राहत की मांग

लगातार हो रही वर्षा ने किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। खेतों में पकी हुई धान और उड़द की फसल बर्बाद होने की कगार पर है। किसान अब सरकार से त्वरित सर्वे और मुआवजे की मांग की है जिससे किसानों को राहत मिल सके। किसानों का कहना है कि धान की फसल लगाने के लिए बैंक से कर्ज लिए है। ऐसे में फसल को नुकसान होने पर अब बैंक कर्ज भरने की चिंता सताने लगी है।

### कृषि विभाग ने बढ़ाई निगरानी

कृषि विभाग के अधिकारी बताते हैं कि सरगुजा संभाग के विभिन्न ब्लॉकों से फसलों के नुकसान की रिपोर्ट मिल रही है। विभाग की टीमें सर्वे के लिए गांवों में भेजी गई हैं। किसानों को सलाह दी गई है कि जब भी मौसम साफ हो, खेतों में जल निकासी की व्यवस्था करें और धान की फसल को जल्द से जल्द सुखाने का प्रयास करें।



## योगदान सेवा समिति ने मुक्तिधाम के जीर्णोधार के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के सेवाभावी युवाओं की संस्था योगदान सेवा समिति ने गंगापुर स्थित मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार और कायाकल्प का संकल्प लिया है। इसी कड़ी में रविवार सुबह 8.30 बजे समिति के सदस्यों ने मुक्तिधाम परिसर में एकत्रित होकर श्रमदान किया और वृहद स्वच्छता अभियान चलाया।

समिति के संयोजक प्रशांत सिंह चीकू ने बताया कि गंगापुर मुक्तिधाम में बाबूपारा, दर्रीपारा, गंगापुर, नमनाकला, सत्तीपारा, शीतला वार्ड क्षेत्र के करीब 10 वार्डो के लोग परिजन के अंतिम संस्कार के लिए आते हैं। यहां कई आवश्यक सुविधाओं का अभाव है, जिसे जनसहयोग से दूर करने का लक्ष्य रखा गया है। समिति की योजना मुक्तिधाम की साफ-सफाई के साथ-साथ रंगरोगन, बैठने के लिए हवादार शेड का निर्माण, पेयजल की व्यवस्था, अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी की उपलब्धता, शव वाहन और अस्थि कलश सुरक्षित रखने की व्यवस्था करना है। इस अभियान की शुरुआत श्रमदान से की गई जहां समिति के सदस्यों ने पूरे परिसर की सफाई की और बेल के पौधे लगाए। इस दौरान भविष्य की योजनाओं पर चर्चा भी हुई। यह निर्णय लिया गया कि दिवंगतों की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने हेतु परिसर में छायादार और धार्मिक महत्व के वृक्षो, सजावटी तथा फूलों के पौधे लगाए जाएंगे। इस दौरान समिति के अतुल मेहता, आशीष वर्मा, प्रमोद चौधरी, चन्द्र प्रकाश सिंह मग्गु, दिनेश कुमार शर्मा, केदार यादव, तृप्तराज सिंह धंजल, विनायक शर्मा, अमित कुमार सिंह, निखिल विश्वकर्मा, आशीष शर्मा, शिव कुमार मिंज, तीरथ चौधरी, राज मारियो कुशवाहा, कनिष्क सिंह, शिया नारायण, धनकु सहित सदस्यों ने श्रमदान किया।

# लखनपुर में एक दिन बाद किया गया रावण का दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

परंपरा के अनुसार लखनपुर में दशहरा पर्व अंबिकापुर के एक दिन बाद मनाया जाता है। इस वर्ष भी इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए क्षेत्र में रावण दहन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज तथा जिला पंचायत सदस्य सभापति विजय अग्रवाल मंत्री राजेश अग्रवाल के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित हुए। विधायक श्री मिंज ने कहा कि लखनपुर में रियासत काल से चली आ रही परंपरा के अंतर्गत दशहरा पर्व अंबिकापुर के एक दिन बाद मनाया जाता है और इसी कड़ी में रावण दहन का भव्य आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर धर्म की विजय स्थापित की, उसी प्रकार हमें भी उनके आदर्शों को जीवन में अपनाना चाहिए। रावण दहन के अवसर पर रंग-बिरंगी आतिशबाजी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का मन मोह लिया। रावण दहन के पूर्व नगर में शोभायात्रा भी निकाली गई। नवचेतना दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल एवं भजन मंडली प्रमुख ओमप्रकाश कुर्रे के नेतृत्व में नगर भ्रमण उपरांत शोभायात्रा रावण दहन स्थल पर पहुंची। दशहरे के साथ-साथ दुर्गा प्रतिमा के दर्शन करने भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे। इस दौरान नरेंद्र पांडे, सुरेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, साहू, राहुल अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, हरबिंद अग्रवाल, दिनेश बारी, कृपाशंकर गुप्त, दिनेश साहू, बृजेन्द्र पांडे, राजेंद्र जायसवाल, सुभाष अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, रवि अग्रवाल, सचिन बंसल, शिराज सिंह, अभिषेक साहू, सचिन बारी, यतेन्द्र पाण्डेय, सत्यनारायण साहू, अनिल गुप्ता, उपेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बच्चों ने भी आतिशबाजी के साथ दशानन रावण का किया दहन

**सूरजपुर।** असत्य पर सत्य की जीत और बुराई पर अच्छाई की जीत के महापर्व शुक्रवार को विजयादशमी के अवसर पर श्याम मार्ग केतक रोड़ स्थित मानहेरू महलवाला परिवार के नन्हे बच्चों द्वारा 8 फीट ऊंचे स्वनिर्मित दशानन रावण के पुतले का दहन किया तथा फ़टाके एवं रंग बिरंगे आकाशीय आतिशबाजियों के साथ दशहरे का पर्व बड़े धूम धाम से मनाया। इस दौरान पवन जतिन अग्रवाल, अविका अग्रवाल, आरुषि अग्रवाल, आस्वी अग्रवाल, ओम अग्रवाल, रिद्धि अग्रवाल, किटू अग्रवाल सहित काफी संख्या में केतका रोड़ श्याम मंदिर मार्ग मोहल्ले के बच्चे उपस्थित रहे।



# शताब्दी वर्ष के अवसर पर हुआ भव्य पथसंचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर आज भव्य पथ संचलन किया। पथ संचलन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। सरस्वती शिशु मंदिर में नेहरू वार्ड, सत्तीपारा एवं शीतला वार्ड को मिलाकर एक बस्ती बनाया गया और संघ के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में सरस्वती शिशु मंदिर से पथ संचलन प्रारंभ किया।

पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर जो भाजपा कार्यालय मार्ग, रामेश्वर मंदिर, करसू तालाब, दादी मंदिर, सत्तीपारा स्कूल मार्ग से देवीगंज रोड होते हुए पुनः सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ। इस बीच भाजपा कार्यालय के सामने महापौर मंजूषा भगत, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया इसके अलावा नेहरू वार्ड, शीतला वार्ड, सत्तीपारा, देवीगंज रोड में भी जगह-जगह पथ संचलन का महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा चौक- चौराहे एवं प्रमुख स्थानों पर स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को स्वंयसेवकों ने भव्य पथ संचलन किया।

### बड़ी संख्या में स्वयं सेवकों ने लिया भाग

**सीतापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने एवं विजयादशमी के उपलक्ष्य में आरएसएस द्वारा नगर में पथ संचलन किया गया। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आरएसएस द्वारा आयोजित पथ संचलन में काफी संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए। लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम से शुरू पथ संचलन का जयस्तंभ चौक में पार्षद एवं जिला मंत्री भाजपा श्रीमती नीरू मिस्त्री के नेतृत्व में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इसके अलावा नगर भ्रमण के दौरान प्रमुख चौक चौराहों एवं मुख्य मार्ग पर जगह जगह पुष्प वर्षा कर पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। पूरे नगर का भ्रमण करते हुए स्वयंसेवकों का पथ संचलन कार्यालय स्थल लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम पहुंचा जहां ध्वज प्रणाम के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सरगुजा विभाग पर्यावरण एवं जल संरक्षण प्रमुख शंभूनाथ चक्रवर्ती ने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आरएसएस द्वारा राष्ट्र एवं समाज हित में किये गए कार्यो पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर काफी संख्या में आरएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित थे।



कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बेचन कश्यप, नगर सह संचालक अनुज दुबे, नगर संचालक अशोक सिंह, बस्ती प्रमुख संजय पाण्डेय, शाखा वाहक आलोक, भोला नाथ गुप्ता, भारत सिंह, पियुष त्रिपाठी, विनोद दुबे सहित बड़ी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद रहे।

## स्वयंसेवकों का भव्य पथसंचलन, मातृशक्ति ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**रामानुजनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना दिवस के अवसर पर रामानुज नगर में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। पूर्ण गणवेश में सजे स्वयंसेवकों ने अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रप्रेम की अद्भुत मिसाल पेश करते हुए कदमताल की।

पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुज़रा जहां मार्ग के दोनों ओर खड़े नागरिकों ने तालियों की गड़गड़ाहट और भारत माता की जय के नारों से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर नगर की मातृ शक्तियों ने उत्साहपूर्वक स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा की और उनका आत्मीय स्वागत किया। इस भावपूर्ण दृश्य ने उपस्थित जनसमूह को गर्व और प्रेरणा से भर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सामाजिक समरसता की भावना को और प्रगाढ़ करना था। आयोजन को सफल बनाने में संघ के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों का योगदान रहा।
























# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




15 वर्षों से आपकी सेवा में




## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹251/- फोन से परामर्श केवल ₹501/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान



पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : 96308-91863

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

नया रामावतार पेट्रोल पंप के सामने, सहदेवड़ा ज्वेलर्स के बाजू दर्री रोड, कोरबा (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : 96308-91863

## खबर संक्षेप

### केनापारा में चौरा म गोंदा सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**बिश्रामपुर।** शारदीय नवरात्रि उपरांत दुर्गा पूजा के अवसर पर केनापारा स्थित समलेश्वरी महामाया मंदिर प्रांगण में आज सोमवार को चौरा म गोंदा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा,आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि दुर्गा पूजा के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 6 अक्टूबर सोमवार की रात समलेश्वरी महामाया मंदिर प्रांगण में चौरा म गोंदा सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित रहेंगी, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी करेंगे,सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है,ज्ञात हो कि यहां पर 4 अक्टूबर को प्रस्तावित सांस्कृतिक कार्यक्रम तेज बारिश हो जाने की वजह से स्थगित कर दिया गया था।

### मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना प्रारंभ, विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**सूरजपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जगदलपुर से आज मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का शुभारंभ किया। उक्त योजना में जिला सूरजपुर में संचालित होने वाली बस को आज पुराना बस स्टैंड अग्रसेन चौक से विधायक प्रेमनगर भूलन सिंह मरावी द्वारा हरी झंडी दिखाकर मुख्यमंत्री ग्रामीण बस को सूरजपुर से रवाना किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणी देवपाल सिंह पैकरा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर एस.जयवर्धन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, जिला परिवहन अधिकारी योगेश भंडारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से ग्रामीण अंचल के लोगों को बस सुविधा का विशेष लाभ मिलेगा एवं बस संचालकों को शासन द्वारा संचालन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। जिले से वर्तमान में तीन बसों का संचालन किया जाएगा जिनकी संख्या भविष्य में और बढ़ेगी।

### सड़क पर केज व्हील लगे ट्रैक्टरों के संचालन पर होगी चालानी कार्रवाई

**रामानुजगंज।** उच्च स्तरीय निर्देशों के तहत अब सड़क पर केज व्हील लगे ट्रैक्टरों के परिचालन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर परिवहन विभाग द्वारा चालानी कार्रवाई की जाएगी। यह निर्णय आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, क्योंकि केज व्हील लगे ट्रैक्टरों से दुर्घटना की आशंका अधिक रहती है। रामानुजगंज परिवहन चेक पोस्ट प्रभारी ने बताया कि केज व्हील युक्त ट्रैक्टर केवल खेतों में कृषि कार्य हेतु उपयोग के लिए हैं, न कि सार्वजनिक सड़कों पर चलाने के लिए। ट्रैक्टर चालकों को जागरूक करते हुए उन्होंने समझाइश दी कि ऐसे वाहनों का सड़क पर संचालन न करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। चेक पोस्ट पर चालकों व ट्रैक्टर मालिकों को समझाने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। सड़क पर चलते समय ऐसे वाहनों से सावधानी बरतें और नियमों का पालन करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

### तेज रफ्तार कार स्कूटी सवार महिला को मारी टक्कर, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** कार की टक्कर से स्कूटी सवार महिला और उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके साथ ही इस घटना में महिला के बच्चे को भी चोट आई है। मामले में पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मणिपुर पुलिस के अनुसार मूलतः सीतापुर के ग्राम उल्किया निवासी डॉ. अज्जू पाण्डेय आ. बुध नारायण पाण्डेय स्वामी आत्मानंद स्कूल देवगढ़ में व्याख्याता के पद पर पदस्थ है और शहर के दर्रीपारा में रहता है। 22 सितम्बर को अज्जू पाण्डेय की पत्नी प्रियंका तिवारी स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईजी 4353 से अपने 4 वर्षीय पुत्र कौश्तुभ व पिटा कृपा शंकर तिवारी को लेकर जार रही थी। इस दौरान रिंग रोड बस स्टैंड के पास हौंडा सिटी कार क्रमांक सीजी 15 डीएच 2648 के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। इस घटना में महिला और उसके पिता का पैर फ्रेक्चर हो गया जबकि बच्चे को भी चोट लगी। पति और ससुर का उपचार कराने के बाद व्याख्याता ने घटना की शिकायत मणिपुर पुलिस से की है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 125 (ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### पार्षद सुशांत घोष समेत अन्य लोगों के किराए के मकान में हुई चोरी

# सुभाषनगर में एक साथ टूटे 15 मकानों के ताले



जानकारी लेते पुलिस अधिकारी।



घर में बिखरा सामान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में अपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं लें रही है। बीती रात एक बार फिर से चोरों ने एक साथ 14 से 15 मकानों के ताले तोड़े है। सुभाषनगर क्षेत्र में हुई इस घटना से हड़कंप मच गया है और जिले की कानून वयवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। चोरों ने पूरी रात सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया और फिर गाड़ी में चोरी का सामान भरकर ले गए। चोरी की घटना के दौरान एक संदेही सीसीटीवी में कैद हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**खास बात**

■ किराएदारों के सामान ले उड़े चोर

बताया जा रहा है कि सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 2 में पार्षद सुशांत घोष के साथ ही अन्य लोगों द्वारा किराए के मकान बनाए गए है। इन मकानों में बाहर से आकर पढाई करने, मजदूर करने वाले लोग रहते है। वर्तमान में त्यौहार होने के कारण ज्यादातर किराएदार मकानों में ताला लगाकर अपने घर गए हुए थे। इस दौरान बीती रात चोरों ने सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरो ने पार्षद सुशांत घोष के किराए के 3 मकानों के साथ ही सुभाष, सुजीत सहित अन्य लोगों के किराए के मकानों का ताला तोड़ा है। चोर सूने मकानों में मौजूद टीवी, लैपटॉप, गैस सिलेंडर, साउंड सिस्टम, नगदी समेत अन्य कीमती सामान की चोरी की है। चोरों ने क्षेत्र में एक साथ कुल 14 मकानों के ताले तोड़े है। रविवार की सुबह जब इस बात की जानकारी लोगों को हुई तो हड़कंप मच गया। चोरी की सूचना मिलने के बाद लोग मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गये। किराए के मकानों में मौजूद आलमारी, पेटी खुले हुए थे और घर का सारा सामान बिखरा पडा था।

इस घटना की सूचना पार्षद सुशांत घोष ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद गांधीनगर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को घटना स्थल पर लगे एक सीसीटीवी में चोर नजर आया है जिसकी पहचान की जा रही है। एक साथ हुई इस चोरी को लेकर संदेह है कि चोर लम्बे समय से इसकी योजना बना रहे थे और वे चोरी का सामान लेकर जाने ले लिए वाहन भी साथ लेकर आए थे।

#### लोगों ने की रात्रिगस्त की मांग

सबसे बड़ी बात यह है कि यह घटना पुलिस थाना से महज एक किमी की दूरी पर हुई है जिसे लेकर लोगों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस द्वारा क्षेत्र में पेट्रोलिंग नहीं की जाती है जबकि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में बाहर से आए हुए लोग रहते है। यदि पुलिस नियमित रूप से गस्त करती तो ऐसी घटना नहीं होती। लोगो ने मांग की है कि क्षेत्र में नियमित रूप से गस्त की जाए।

#### चल रही है जांच

किराए के मकानों में चोरी की सूचना मिली है। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है और जांच चल रही है। एक संदेही की पहचान हुई है जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी

### सबमर्सिबल पंप चोरी करने के मामले में दो गिरफ्तार

खेत से सबमर्सिबल पंप चोरी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। लुंड्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गाजरमुड़ा निवासी सतीश मिंज द्वारा अपने खेत में सबमर्सिबल पंप लगवाया गया था जिसे 1 अक्टूबर की रात कोई चोरी कर ले गया। ग्रामीण ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारवा जांच उपरान्त संदेह के आधार पर थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़ापारा झेराडीह निवासी 34 वर्षीय इंद्रसाय केरकेट्टा आ. राम खेलावन केरकेट्टा व 27 वर्षीय सेतराम नगेसिया आ. बरतु राम नगेसिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया सबमर्सिबल पंप, वायर बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2), 3(5) के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लुंड्रा आरएन पटेल, प्रधान आरक्षक महेश कुमार, जितेंद्र भगत, आरक्षक इबनुल, रामसाय नागेश, शिव खलखो सक्रिय रहे।





### बिरनपुर की घटना को धार्मिक रूप देने का किया गया था प्रयासः टीएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा है कि बिरनपुर कांड को लेकर सीबीआई ने अपनी चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस चार्जशीट से यह स्पष्ट हो गया है कि बिरनपुर की घटना बच्चों की आपसी लड़ाई की थी जो दो परिवारों तक पहुंची, बाद में इस मामले में दो समाज और धर्म को लाने का प्रयास किया गया। तत्कालीन विधायक रविन्द्र चौबे का नाम जोड़ने का प्रयास किया गया और चुनावी मुद्दा बनाया गया। चुनाव के दौरान समाज में ध्रुवीकरण करने की कोशिश की गई और इस पूरी घटना में कांग्रेस का लात बताकर चुनावी लाभ लिया गया। चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। सीबीआई ने अपनी जांच में यह भी पाया कि इस घटना में कोई राजनैतिक षड्यंत्र नहीं था, यह एक मामूली झगड़ा था, जिसने खूनी रूप ले लिया। सीबीआई जांच के बिन्दु भाजपा सरकार ने तय किया था यदि जांच के बिन्दु में घटना के बाद के राजनैतिक षड्यंत्र होता तो भाजपा बेनकाब हो जाती।

■ पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा-सीबीआई की चार्जशीट से हुआ स्पष्ट, कांग्रेस के खिलाफ नहीं मिले कोई तथ्य

पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मृतक युवक के पिता को भाजपा से टिकट दिया गया और वे जीतकर आए। विधानसभा में युवक के पिता ने मुद्दा उठाया जिसके बाद सीबीआई जांच की घोषणा की गई। चुनाव के दौरान यह माहौल बनाया गया था कि अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण के लिए कांग्रेस ने उस समय ठोस कदम नहीं उठाए और न्याय नहीं हुआ जबकि कांग्रेस की सरकार ने घटना के मामले में तत्काल कार्रवाई की और गिरफ्तारी भी हुई। इस घटना के अतिरिक्त 6-7 अन्य अपराध दर्ज किए गए लेकिन प्रदेश सरकार ने सीबीआई को सिर्फ एक घटना के एफआईआर की रिपोर्ट जांच के लिए सौंपी जबकि शेष अन्य दर्ज अपराधों की जांच नहीं की गई। उन्होंने कहा कि विधायक ईश्वर साहू भी अपने बयानों में जिस व्यक्ति अंजोर यदु पर आरोप लगाते थे उसे भी सीबीआई ने दोषी नहीं माना है, सीबीआई की चार्ज शीट में इसका कोई उल्लेख नहीं है। इससे साफ है कि बिरनपुर मामला भाजपा की सोची समझी साजिश थी। इस जांच में यह साफ हो गया है कि कांग्रेस पर जो प्रायोजित षड्यंत्र और तुष्टीकरण का आरोप लगाया गया था उसे लेकर सीबीआई को कोई तथ्य नहीं मिले है। उन्होंने मांग की है कि इस घटना से जुड़े 5-6 अन्य एफआईआर की भी जांच सीबीआई से कराई जाए इसके साथ ही सांप्रदायिक घटना के दिन हुई पिता-पुत्र के हत्या के मामले की जांच भी सीबीआई करें क्यों कि वे भी भारत के नागरिक है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, राकेश गुप्ता, जेपी श्रीवास्तव, द्वितेंद्र मिश्रा, अजय अग्रवाल, इन्द्रजीत सिंह धंजल, अशफाक अली, आशीष जायसवाल, सतीश बारी सहित अन्य मौजूद थे।

# चोरों ने दुकान के बरामदे से खड़ी बाइक पार की

**धौरपुर।** दुकान के बरामदे में खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। बाइक मालिक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार धौरपुर निवासी स्टूडियों संचालक ऋर्षज्ञि नायक 3 अक्टूबर की रात बाइक क्रमांक सीजी 15 ईबी 2437 को दुकान के बरामदे में लॉक कर अपनी कार से गृह ग्राम झेरडीह गया था। शनिवार की सुबह जब अपने दुकान पहुंचा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दिया है। क्षेत्र के लोगों को कहना है कि बाइक चोरी होने की यह कोई पहली घटना नहीं है। एक माह के भीतर कई चोरी की घटनाएं हो चुकी है लेकिन अब तक पुलिस के साथ कोई सुराग हाथ नहीं लग सके है। आए दिन क्षेत्र में चोरी होने से लोगों में काफी नाराजगी है।



#### चोरों ने अलग-अलग स्थान से पार की दो बाइक

अम्बिकापुर। दुर्गा पंडाल में दर्शन करने तथा जगराता कार्यक्रम देखने गए दो लोगों की बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार देवेन्द्र कुमार आ. मुसाफिर रवि (31 वर्ष) पिछले माह 30 सितंबर को बाइक क्रमांक सीजी 16 सीके 4711 से सुभाष नगर दुर्गा पंडाल में दर्शन करने गया था। युवक बाइक को पंडाल के सामने खड़ा कर दर्शन करने चला गया और कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। बाइक नहीं मिलने पर युवक ने गत दिन घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में रितेश कुमार जायसवाल आ. उमाशंकर जायसवाल 1 अक्टूबर की रात पत्नी सविता के साथ भगवानपुर दुर्गा पंडाल में जगराता कार्यक्रम देखने गया था। युवक बाइक को दुकान के शेड के नीचे खड़ा कर कार्यक्रम देखने चला गया। रात करीब 11 बजे वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

#### चोरों ने घर के सामने से पार की बाइक

अम्बिकापुर। घर के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसर उदयपुर ढाब निवासी प्रकाश राजवाड़े (50 वर्ष) 2 अक्टूबर की शाम बाइक क्रमांक सीजी 15 ईएफ 2999 को खड़ा कर अंदर चला गया। कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।



### चाकी एवं लावा की टीम ने जीते अपने-अपने मैच

**रामानुजगंज।** सूर्य प्रकाश मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि सूरज देव सिंह, विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार यादव, राजकुमार टेकाम, विरेन्द्र सिंह मरकाम, ग्राम पंचायत धमनी के रोजगार सहायक एवं सूर्य प्रकाश मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष अमावस सिंह, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, सचिव रामविचार सिंह, सह सचिव मंगल सिंह के उपस्थिति में सूर्य प्रकाश नेताम की छाया चित्र में दीप प्रज्वलित कर किया गया। पहला मैच पलगी वर्सेस चाकी मध्य खेला गया जिसमें चाकी ने 1 गोल से जीत हासिल की। दुसरा मुकाबला चुमरा वर्सेस लावा के मध्य खेला गया जिसमें प्लानटी से लावा की टीम 1 गोल से जीत हासिल किया।

# आमगांव खदान में संडे ड्यूटी की मांग को लेकर कोल कर्मियों ने किया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव खदान में सभी कर्मचारियों को संडे ड्यूटी देने की मांग को लेकर खदान के कर्मचारियों ने रविवार को कार्य का बहिष्कार कर दिया,बताया गया कि आमगांव खदान में कोयला निकालने के लिए ओबी हटाने का कार्य धनबाद की आशीर्वाद कंपनी करती है, कोयला उत्पादन के अतिरिक्त खदान के अन्य कार्य प्रबंधन के कर्मचारी करते हैं,यहां करीब 145 की संख्या में शासकीय कर्मचारी पदस्थ हैं,कार्य का बहिष्कार करने वाले कोल कर्मियों की मांग है कि प्रबंधन सभी 145 कर्मियों को संडे ड्यूटी दें,गौरतलब है कि संडे ड्यूटी का लाभ अभी 85 कर्मचारियों को ही मिल रहा है,उनकी मांग है कि खदान जब चल रही है तो सभी कर्मियों को संडे ड्यूटी का लाभ मिलना चाहिए,ऐसे में सभी यूनियन के कर्मियों ने एकमत होकर 5 अक्टूबर को खदान में काम का बहिष्कार कर दिया और कर्मियों ने अपनी एक दिन की हाजरी नहीं लगाई।

बता दें कि संडे ड्यूटी में कर्मियों को सामान्य दिनों के मुकाबले दोगुना वेतन मिलता है,साथ ही एक दिन रेस्ट भी मिलता है,इसी बात को लेकर विवाद चल रहा है,प्रबंधन का कहना है कि आमगांव खदान में अभी रोजाना महज 1 हजार से 12सौ टन ही कोयला उत्पादन हो रहा है,खदान में कोयला उत्पादन ओबी हटाने का काम निजी कोयला कंपनी के जिम्मे है जिसके पास खुद के माइनिंग सरदार व ओवर मैन है,प्रबंधन को केवल खदान का जलस्तर नियंत्रण का कार्य देखना होता है,इसके बाद भी 85 कर्मियों को संडे का लाभ दिया जा रहा है,बताया गया कि खदान में जब तीन से साढ़े तीन हजार टन कोयला उत्पादन होता है तब भी इतने ही कर्मियों को संडे का लाभ दिया जाता है,ऐसे में कर्मियों द्वारा प्रबंधन पर दबाव बनाकर संडे ड्यूटी की मांग की जा रही है।इस मामले में क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने बताया कि खदान मैनेजर को खदान चलाने की जिम्मेदारी दी गई है,उन्हें रविवार के दिन कितने कर्मियों की आवश्यकता है,इसी के अनुसार सूची चस्पा किया जाता है,जब कार्य की जरूरत नहीं है तो वह कैसे नियम विरुद्ध तरीके से सभी कर्मियों को सन्डे ड्यूटी करने देंगे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

### ज्ञान यज्ञ परिवार की बैठक में ज्ञानोत्सव 2026 की तिथियां तय

**रामानुजगंज।** ज्ञान यज्ञ परिवार की मासिक बैठक 4 अक्टूबर को सायं 6 बजे आयोजित हुई। बैठक में इस वर्ष के ज्ञानोत्सव 2026 के आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से तय किया गया कि यह कार्यक्रम 12 से 16 फरवरी तक पांच दिवसीय भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिदिन प्रातःकाल पंडित सुधांशु द्वारा वैदिक यज्ञ से होगी। इसके पश्चात भंडारा का आयोजन किया जाएगा। दोपहर के सत्रों में चार प्रमुख कार्यक्रम रखे गए हैं, जिनमें सामाजिक सशक्तिकरण पर विचार मंथन, श्रीमद् भागवत कथा का वाचन मथुरा के कथा वाचक विजय कौशल महाराज के शिष्य बलदेव कृष्ण शास्त्री द्वारा तथा स्वामी त्याग मूर्ति का आध्यात्मिक प्रवचन तथा बजरंग मुनि की ज्ञान कथा शामिल हैं। कार्यक्रम में देशभर से अनेक विद्वान, सामाजिक कार्यकर्ता और विचारक इस आयोजन में भाग लेंगे। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए लोक स्वराज नगर के स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं की एक विशेष बैठक 8 नवंबर को आयोजित की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने आयोजन की सफलता के लिए अपनी सहमति और सहभागिता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।



### महारानी दुर्गावती ने मुगलों को पराजित कर की गोड़वाना की सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जनजाति गौरव युवा समाज ने मुंडा भवन, दर्रीपारा में जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, महापौर मंजूषा भगत एवं मुख्य वक्ता जनजाति गौरव युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष इंदर भगत के आतिथ्य में महारानी दुर्गावती की जयंती मनाई।

■ जनजाति गौरव समाज ने मनाई महारानी दुर्गावती की जयंती

इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह ने कहा कि महारानी दुर्गावती चंदेलों की बेटी एवं गोंडवाने की रानी तथा दुर्गावती भवानी थी। आजादी की लड़ाई में जनजातियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चाहे बिरसा मुंडा हो या गुंडाधुर और वीरनारायण सिंह इन महापुरूषों के बलिदान से देश स्वाधीन हुआ। महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि हमारे देश की परंपरा नारियों के सम्मान की है। गढ़ मंडला की महान वीरांगना का जन्म दुर्गाष्टमी में होने के कारण उनका नाम दुर्गावती रखा गया। उनमें साक्षात दुर्गा जैसे गुण विद्यमान थे तथा उन्होंने मुगलों से सतत संघर्ष कर गोंड साम्राज्य की रक्षा की। जनजातीय समाज के प्रदेश अध्यक्ष इंदर भगत ने कहा महारानी ने मुगलों के खिलाफ बहादुरी से युद्ध किया और अपने राज्य की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।




उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनके इस बलिदान को आज भी याद किया जाता है। महारानी दुर्गावती जनजातीय गौरव की प्रतीक है। उनका देश प्रेम और संघर्ष हम सबको प्रेरणा से भर देता है। महारानी दुर्गावती जयंती समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को एक नए स्तर पर पहुंचाया।

समारोह में उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस समारोह को मुंडा समाज के अध्यक्ष देवरतन मुंडा, हीरा सिंह टेकाम, सुरेश मुंडा, रमेश मुंडा, युवा समाज के जिला उपाध्यक्ष सचिन भगत, सोनिया मुंडा ने भी संबोधित किया। समारोह का संचालन सचिव रामबिहारी सिंह पैकरा एवं आभार प्रदर्शन सोनिया मुंडा ने किया। इस दौरान पार्षद सालेम केरकेट्टा, डॉ.गौकरण प्रताप सिंह, सोनू मुंडा, संदीप भगत, अर्जुन मुंडा, रामप्रताप मुंडा, विकास भगत, ननकु मुंडा, बिंदु मुंडा, देव कुमार भगत सहित बड़ी संख्या में समाज के युवा उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411